दैनिक जागरण 10/03/2025

# होली रंगों और आपसी भाईचारे का प्रतीक है : डा. रोहित



जीएमएन कालेज में होली खेलता स्टाफ। • सौजन्य : विज्ञप्ति

**जागरण संवाददाता • अंबाला :** गांधी मेमोरियल नेशनल कालेज में होली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया। कालेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि होली सिर्फ रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि आपसी भाईचारे और सद्भाव का प्रतीक है, जो हमें नकारात्मकता को छोड़कर जीवन में नए रंग भरने की प्रेरणा देता है। होली उत्सव में सभी स्टाफ सदस्यों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाया और फूलों की होली खेली। महिला प्रकोष्ठ की सदस्याओं ने विभिन्न रोचक कार्यक्रमों का आयोजन किया।